ہماری سرکار پاکستان سرکار سے کوئی بھی فیصلہ چاہے وہ ریلوے کا ہو یا پانی کا ہو یا کسی طرح کا ہو تب تک نہ کرے جبتک کہ پاکستان ہماری ان مانگوں کو پورا نہ کرے - یہ ہمارے وقار اور عزت کا سوال ہے - ہمارے بچوں اور ماں بہنوں کی عزت و ملک کی عظمت کا سوال ہے - جبتک سرکار اس طرح کا کوئی سخت رویہ اختیار نہیں کریگی تب تک یہ مسئلہ حل نہیں ہوگا - کئی ایسے معاملات ہوتے ہیں جنکی وجہ سے ہم کبھی کبھی مجبور ہو جاتے ہیں - ہمارے حصے میں کوئی ایسی بات ہو جاتی جیسا کہ ملک کے بٹوارے سے ہندوستان میں ہوا تو ہمارے لوگ اپنے یہاں کی عورتوں کی عزت اور وقار کو رکھنے کے لئے لازمی طور پر ہر قربانی کرکے دنیا کو دکھا سکتے تھے - مگر بدقسمتی سے ہمارے یہاں تو جنگ ہو گئی - جنگ کی وجہ سے ہماری عورتیں بچے اور مرد سب ہی دشمنوں کے یہاں جنگی قیدی ہو گئے - وہ معصوم ہیں، کمزور ہیں، تڑپ رہے ہیں اور آپکی طرف دیکھہ رہے ہیں - آپ کو چاہیئے کہ جسطرح سے ہو سکے جس حالت میں وہ وہاں ہوں ان کو نکال کر لائیں - ہم ان کو ویلکم کریں گے ہم ان کو اپنی بہنوں اور بچوں کی طرح رکھیں گے - وہ ہمارے میں رہیں آزاد ہندوستان میں آباد ہوں اور ہمارے من کو شانتی ہو -

†[**सरदार बुध सिंह** (जम्मू और काश्मीर) : जनाब डिप्टी चेयरमैन साहब, यह जो बिल हाउस के सामने पेश किया गया है उसके मुतल्लिक़ १३ दिसम्बर,, १९५२ को मैं अपने खयालात मुफस्सिल तौर पर बयान कर चुका हूं और आनरेबिल मूवर, आनरेबिल सरदार स्वर्ण सिंह ने मुफ़स्सिल वजूहात बयान की हैं कि क्यों इसकी जरूरत है । अब इस पर कोई इख्तेलाफ़ राय नहीं हो सकता और न कोई दो राय ही हो सकती हैं कि आया इस काम को जारी रखना चाहिये या नहीं । मैं जम्मू और काश्मीर के नुमाइन्दे के नाते १३ दिसम्बर, सन् १९५२ की स्पीच में इसके मुतल्लिक़ बहुत कुछ कह चुका हूं । आज सिर्फ मैं इतना ही कहना चाहता हूं कि यह एक मामूली सवाल नहीं है और एक आरडिनरी सवाल ट्रेड का, लेन देन का, या और किसी क़िस्म के, दोनों गवर्नमेंटों के दरमियान एग्रीमेंट का नहीं है, बल्कि हमारे मुल्क की उन हज़ारों औरतों, बेवाओं, बूढ़ों और जवानों की जिन्दगी और इज्ज़त का है जिनको कि जबरन ले जाया गया है । दोनों पंजाब की सूरत तो अलग है लेकिन जम्मू और काश्मीर में हजारहां की तादाद में कबायलियों के नाम पर पाकिस्तानी सिपाही और फौज के लोग बाक़ायदा तोप और बन्दूक के साथ घुस आये और हमला किया । और न सिर्फ वहां से हजारों ऐसे आदमियों और औरतों को ले गये बल्कि ऐसा खिलाफ़ इन्सानियत काम किया कि जिससे बड़ी शर्म आती है । और हमें रंज होता है

†Transliteration in Devanagri script of the above speech.

[सरदार बुध सिंह]

और हम खून के आंसू रोते हैं जब सुनते हैं कि उनको वहां थोड़े थोड़े पैसों में बेचा गया, उनकी इस्मतदरी की गई और बड़े बड़े कैम्प खोल कर उनको भेड़ बकरी की तरह रोक रखा गया। जम्मू स्टेट में मीरपुर के पास एक अलीबेग कैम्प खोला गया और उसमें हजारों की तादाद में जितने जवान थे वह सब क़तल किये गये, कई बच्चे भी क़तल किये गये और औरतों को वहां से ले गये। इस वक्त तक गवर्नमेंट ने यह तादाद दरयाफ्त नहीं की कि हमारे मुल्क के कितने लोग अब भी उनकी क़ैद में हैं। यह दूसरी बात है कि यहां काफ़ी बहस व तहक़ीकात हो रही है कि कौन और कितनी औरतें एबडक्टेड हैं और उनको कहां बसाया गया है। लेकिन सवाल तो यह पैदा होता है कि हमारे कितने लोग पाकिस्तान के उन कैम्पों में बन्द हैं जो कि अपने मुल्क को आने के लिये तड़प रहे हैं। वह बेचारे देखते हैं कि हमारा मुल्क हिन्दुस्तान के साथ शामिल हो गया है और हिन्दुस्तान की बड़ी शान है, बड़ा वकार है, वहां ३५-३६ करोड़ लोग बसते हैं; उनकी इखलाक़ी, माली और हर क़िस्म की हमें मदद मिल सकती है, और फौज ताक़तवर है जिसके लिये अक्सर कहा जाता है कि अगर हमारी तरफ़ कोई आंख उठा कर देखेगा तो हम उसका पूरा मुक़ाबला करेंगे। इतनी बड़ी शानोवकार का हिन्दुस्तान और उसकी फौज और ताक़त और जनता की मदद होने के बावजूद भी इतने मासूम बच्चे और बेगुनाह मज़लूम औरतें और लोग अब तक पाकिस्तान की क़ैद में हैं, कितने रंज की बात है।

बेशक यह मुल्क महात्मा गांधी का है जहां अमन व शान्ति से काम होना चाहिये। बेशक यहां की रवायात बहुत ऊंची हैं, बहुत मुबारक हैं। यहां की तहज़ीब और एखलाक़ बुलन्द हैं। यहां की तारीख़ देखिये। एक सीता जी की क़ैद का यहां क्या नतीजा निकला? तमाम लंका खतम हो गई, तमाम हिन्दुस्तान में ग़म व गुस्सा की आग भड़क उठी उसको वापस लाने के लिये। द्रौपदी का चीर हरन हुआ, उसको बेइज्ज़त किया गया, जिस के लिये कौरवों और पांडवों में कुरुक्षेत्र के मैदान में जंग हुई और उनसे पूरा महाभारत और रामायण भरा हुआ है। लेकिन अब सूरत मुख़तलिफ़ है। तो जैसा मैं ने अर्ज़ किया, कहा जाता है कि इस मुल्क की सभ्यता, इस मुल्क की तहज़ीब, संस्कृति, इखलाक़, कल्चर, तमद्दुन बहुत ऊंचा है। और महात्मा गांधी का यह मुल्क है, महात्मा बुद्ध का मुल्क है, इसलिये लड़ाई जंग नहीं करना है। मगर इसके लिये यह भी तो निहायत ज़रूरी है कि जब तक एक भी बच्चा या एक भी औरत ऐसी है तब तक ज़बरदस्त से ज़बरदस्त कोशिश करनी है और हर मुमकिन तरीक़े से उनको वापस लाना है। अव्वल, गवर्नमेंट को इखलाक़न, क़ानूनन, हर तरह से बड़ी कोशिश करनी चाहिये कि जो उधर के ऐसे लोग यहां कहीं हैं उनको तलाश करके निकाला जाये और उनसे पूछ कर वहां अपने सम्बन्धियों के पास भेज दिया जाय और सुर्ख़रू हों। जब यह हो जायगा तो फिर एक सवाल पैदा होगा कि आया एक ग़ैरतमन्द क़ौम, ताक़तवर क़ौम, और वकार रखने वाली क़ौम का आगे क्या फ़र्ज़ है उन मासूम, मज़लूम हस्तियों को छुड़ाने के बारे में। हमारे ग़रीब मुल्क, पसमांदा मुल्क, पहाड़ के मुल्क और हिमालय के पहाड़ों के नीचे रहने वाले लोगों के मासूम बच्चों और औरतों को जबरन हमलावर ले गये हैं। उनकी बाबत भी फिकर करना है और अभी से सोचना है। उनके लिये क्या आखरी क़दम उठाया जाये? देखें कि यह क्या हो रहा है। यह क्या अमन व सुलह की बातें हैं? मैं तो कहता हूं कि दुनिया की हिस्ट्री ऐसी बातों से भरी हुई

है कि किसी ताक़तवर मुल्क या किसी योरोपियन मुल्क की एक औरत को कोई ले जाता है, कैद करता है या मार देता है, तो जंग शुरू हो जाती है और लाखों आदमियों का खून हो जाता है । लेकिन हम एक उसूल को बनाये हुये हैं कि जंग नहीं करना है । बेशक आप उसूल को नहीं छोड़ सकते चाहे काश्मीर रहे या न रहे, हिन्दुस्तान रहे या न रहे । वाकई उसूल व आदर्श पर कायम रहना चाहिये । यह ठीक है, हम उसको मानते हैं । लेकिन अब सवाल यह होता है कि समझौता किस से किया जाये । मैं यह कहना चाहता हूं कि किस के साथ आप एग्रीमेंट कर रहे हैं, किस के साथ आप बातचीत कर रहे हैं । मैं ने कई बार कहा है कि जो शख्स बदनीयत है, बेईमान है, झूठा है, बेरहम है उसका क्या भरोसा । एक तरफ़ बेईमानी है, फरेब है, धोका है, वहशत व गन्दगी है, और एक तरफ अमन, शान्ति व सुलह का सवाल है, ईमानदारी है, तहज़ीब है, इखलाक है, और हमदर्दी से, प्यार से, मुहब्बत से, बातचीत करके मामला तै किया जाता है । ठीक है, हमारी किस्मत का क्या फैसला होता है, देखिये ।

एक हमारी बहिन ने कह दिया कि इस बिल की जरूरत ही नहीं । किसी ने उसको घुमा कर कह दिया कि इसमें यह नुक्स है । वह नुक्स है। लेकिन याद रखें कि यह इन्सानी हमदर्दी, इज्जत, ग़ैरत व वकार का सवाल है । जम्मू व काश्मीर का हिन्दुस्तान के साथ कतई इलहाक हो गया है । नेशनल कांफ्रेंस की आर्गनाइजेशन ने और काश्मीर के नुमाइन्दों ने आईनसाज एसेम्बली में इसका फ़ैसला कर दिया है । एक दफा नहीं बार बार सन् १९४८ में, ४९ में, ५० में, ५२ में, ५३ में और ५४ में—५-६ साल मुतवातिर—हम यह रेजोल्यूशन पास करते रहे हैं कि हमारा इलहाक हिन्दुस्तान के साथ हो चुका है । इस लिये जब तक सीज फायर लाइन का मसला हल नहीं होता, जब तक वह मुल्क का हिस्सा हमारा वापस नहीं आता और जब तक हमारे बच्चे, औरतें या बहिनें और मायें वहां से नहीं लाई जातीं, तब तक मैं कहूंगा कि यह सिलसिला तलाश व बरआमदगी का बराबर चलना चाहिये । जहां लाखों-करोड़ों रुपया हम फाइव इअर प्लान में खर्च कर रहे हैं तो फिर जब यहां कौम की मांओं और बहिनों का मसला है, ग़ैरत और इज्जत का मसला है, मुल्क के वकार का मसला है, वहां इसके लिये आप सोचते हैं कि कितना रुपया खर्च करें और कितना न करें । यह सारे हिन्दुस्तान की इज्जत का सवाल है । एक गरीब मुल्क एक उसूल और आदर्श को लेकर आप के साथ शामिल हुआ है । उसने अपनी किस्मत को आपके हवाले कर दिया है और अपना सब कुछ आपके सुपुर्द कर दिया है । लेकिन इस रंजदह मसला का हल बाकी है । मैं देखता हूं कि जब एक बिल इसके मुतल्लिक आता है तो उस पर ग़ैर मुतल्लिका तरीके पर गुफ्तगू होती है । जिनके आदमी मरे हैं, जिनके बच्चे वहां हैं, जिनकी मां-बहिनों की इस्मतदरी हुई है और जो तबाह व बरबाद हो गये हैं उन से तो पूछिये कि आया यह सिलसिला आगे चलना चाहिये या नहीं चलना चाहिये और किस हद तक चलना चाहिये । मैं बार बार यह अर्ज करना चाहता हूं कि अगर जंग नहीं करना है तो फिर अब आगे और क्या सौल्यूशन रह जाता है । सिर्फ बात चीत का । कहां तक मिन्नतें करते रहेंगे, कहां तक खुशामदें करते रहेंगे, कहां तक एग्रीमेंट करते रहेंगे । हम अपने प्लैज पर कायम हैं लेकिन वह कायम नहीं हैं । तो फिर क्या हमारी बहिनें वहीं रहेंगी ? क्या वह कभी आ पायेंगी भी या नहीं ? या सिर्फ हिन्दुस्तान का नकशा देखेंगी और अखबारों को पढ़ती सुनती रहेंगी ? क्या वह यहां हिन्दुस्तान के

[सरदार बुध सिंह]

वकार को, तहजीब को, उसकी ताकत को, फौज को, तोपों और बन्दूकों को और सिपाहियों को देखती रहेंगी और यह कहेंगी कि उनके लिये दुनिया में कोई मददगार और सहारा नहीं रहा ; दुनिया में कोई उनको हिफ़ाजत करने वाला नहीं है ; कोई उनको जुल्म से, तशद्दुद से और हर किस्म की ज्यादतियों से छुड़ाने वाला नहीं है ? यह कितनी दर्दनाक और खतरनाक बात है ?

हमारा काश्मीर का मसला बिल्कुल मुख्तलिफ़ है । डिप्टी मिनिस्टर साहब ने पिछले दिसम्बर में कहा था कि यह सियासी मसला नहीं है ; यह इखलाकी है । मगर हमारा मसला सियासी भी है और इखलाकी भी, धर्म का भी है, सब कुछ है । अगर किसी की लड़की या किसी की औरत इगवा की जाये और उसके ऊपर दूसरे किसी शख्स की कैद के अन्दर जुल्म किया जाता है तो उसके लिये सारी पुलिस हरकत में आ जाती है और तलाश के लिये भेजी जाती है । लोग दौड़ पड़ते हैं, पुकार-पुकार कर चारों तरफ़ से आवाज उठती है हालांकि वह अपने मुल्क ही में इगवा की गई है । लेकिन हमारे यहां श्रीमती लखनपाल की तरफ़ से दलील दी जाती है कि, नहीं साहब, कोई चाहे वहां से आ सकता हो या न आ सकता हो, उन औरतों को वापस लेना मुश्किल है, गरजे कि उन को ढूंढ निकालने की कोई कोशिश न की जाये । उन पर यह मुसीबत नहीं आई, उनको यह पता नहीं है कि यह औरतें किस तरह से अपनी मुसीबत के दिन गुजार रही हैं । मैं कहता हूं कि वह कौम या वह मुल्क बड़ा व इज्जतदार नहीं है जो अपने बच्चों को, अपनी औरतों को बाइज्जत दूसरे मुल्क से छुड़ा नहीं लाता और अपने पास नहीं रखता । आप समझ सकते हैं कि हमारी तरफ़ की जो औरतें व बच्चे, जो दुश्मन के कब्जे में जबरदस्ती कैद व बन्द पड़े हुये हैं उन पर जब्र और जुल्म के साथ साथ और क्या कुछ नहीं हो रहा है । मगर हम उनके लिये खातिरख्वाह कोशिश नहीं कर सके । महात्मा गांधी ने कहा था कि ऐसी लड़कियों को वापस लाना चाहिये और इज्जत से बसाना चाहिये । आज महात्मा गांधी होते तो वह हर कुरबानी करके उन लड़कियों को ढूंढ निकालते और उनको गले से लगा लेते । लेकिन यह शर्म और ग़ैरत की बात है कि हम में से कई अपनी बहिनों को अपने धर्म में और अपनी कौम में ले लेने से हिचकते हैं । अपने मुल्क में तो मेम्रो क्रिश्चियन की तरह कई कौमें हैं जिन में से कई लोगों को आप शुद्ध करके अपने धर्म में दाखिल कर लेते हैं । लेकिन क्या औरतों और बच्चों के लिये तमाम दरवाजे बन्द हैं ? हम से पूछो जिनके साथ यह गुजर रही है । मेरे अपने खानदान के नजदीकी बीस औरतें आदमी मारे गये । मेरे अपने कई रिश्तेदार चले गये । मुझे अपने मुतल्लिक कुछ कहते हुये अच्छा नहीं लगता । मेरा वतन हिन्दुस्तान में शामिल हुआ है लिहाजा उसकी फारेन पालिसी में हमें पूरा इत्तिफाक है और इसी वजह से हम तमाम कुरबानी, तमाम तकलीफें और मुसीबतें व दुख बरदाश्त करने के लिये तैयार हैं । हिन्दुस्तान सलामत रहे, इसकी इज्जत बनी रहे यही हम चाहते हैं । वरना हम जानते हैं कि जैसी सूरत में हमारे अपने लोग फंसे हुये हैं उसमें तो जंग हो जानी चाहिये थी । हमारा एक एक जरर-रसीदा मर्द व औरत कहता है कि जंग हो, लड़ो या मरो, या हमारे आदमी वापस लाओ । हमने कहा कि इतने आदमी मारे गये और अगर हमने लड़ाई छेड़ी तो मुल्क बरबाद हो जायेगा, तबाह हो जायेगा । दूसरी बात यह है कि हम अपने उसूल को नहीं छोड़ सकते । हम अपने उसूल

और आदर्श पर कायम हैं और उसे हम किसी हालत में भी छोड़ने के लिये तैयार नहीं हैं। अलावाअजीं हमारे दस लाख आदमी वहां रह गये हैं। सिर्फ हिन्दू या सिख भाई ही नहीं रह गये हैं बल्कि बहुत से मुसलमान भाई और बहिनें भी वहां पर रह गये हैं। एक दो की तादाद में नहीं, बल्कि हजारों की तादाद में। उनके जो रिश्तेदार यहां हैं, उनकी माएं, बहिनें कहती हैं कि उनको जबरदस्ती पकड़ कर ले जाया गया है, वह तड़प रही हैं। जो उनके कब्जे में हैं उनके ऊपर तशद्दुद, जुल्म व सितम ढाया जा रहा है। वहां पर कतल व खून किया जा रहा है और हमारे हिस्से के मुल्क में कई जगह मारशल ला लगा दिया गया है। वहां पर पाकिस्तान की पुलिस और फौज बाकायदा कतल व खून कर रही हैं और वहां के लोग रो रहे हैं, तड़प रहे हैं और हिन्दुस्तान की सरकार से दरख्वास्त कर रहे हैं कि हम को बचाओ, हमारी हालत को ठीक करो।

SHRI KISHEN CHAND (Hyderabad) : Is it all relevant to this question?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Let him continue.

सरदार बुध सिंह : पाकिस्तान की असेम्बलीं के अलावा वह लोग हिन्दुस्तान से कह रहे हैं कि जिस तरह से हो सकता है हमको बचाओ। उधर यह हो रहा है मगर यहां कहा जाता है कि हम ने कमिटमेंट किया है। मैं हिन्द सरकार से पूछना चाहता हूं कि जिस वक्त जंग हो रही थी और उसके बाद जो लड़ाई-बन्दी हुई उस वक्त क्या हमारे जवाहर-लाल जी ने काश्मीर के लोगों से यह कमिटमेंट नहीं किया था कि हम अपनी एक एक इंच जमीन वापिस लेंगे ? क्या यह वादा नहीं किया था कि जब सब कुछ ठीक हो जायेगा, रेडर को भगा दिया जायेगा, तो हम अपनी सारी जमीन को वापस ले लेंगे ? आज हमारी रियासत में चार मील से दो सौ मील तक वह लोग घुस कर अपना कब्जा जमाये हुये हैं और हमारे जो आदमी वहां पर है उनके ऊपर जुल्म व सितम ढाया जा रहा है। आप सब लोग अखबारों में पढ़ते ही होंगे कि मुजफ्फराबाद और मीरपुर के लोग दुखी हो गये हैं और वहां की तहसीलों के मुसलमान लोग भी तड़प रहे हैं। अब यह सवाल पैदा होता है कि यह मसला किस तरह हल किया जाये। यह मसला न सिर्फ सियासी और इखलाकी है बल्कि एक नाजुक और इन्सानी हमदर्दी का मसला है। एक मुल्क व कौम के बच्चे वहां पर दूसरे मुल्क की कैद में हैं, उन को छुड़ाने का सवाल है।

आप सब लोगों ने हाल में सुना और पढ़ा होगा कि अमरीका के कुछ आदमियों को जिन्हें चीन ने अपने कब्जा व कैद में रखा हुआ है, छुड़ाने के लिये अमरीका ने इस मामले को लेकर जापान, जर्मनी और सारे यूरोप के लोगों को हिला दिया है और ऐसा मालूम होने लगा था कि शायद इस मसले को लेकर दुनिया में जंग हो जायेगी। हालांकि जो कैद किये गये हैं वे सिपाही हैं लेकिन हमारी तो औरतें और बच्चे वहां कैद हैं। हमारी बहुत सी औरतों और बच्चों की इज्जत का सवाल है। अब सवाल यह पैदा होता है कि हमारे जो लोग वहां चले गये हैं, उनकी तादाद के बारे में कौन बताये ? आज उस जगह की हालत यह है कि कोई भी हमारा आदमी उन आदमियों को देखने वाला नहीं है। हमारी सरकार का फ़र्ज है कि जो लोग वहां पड़े हुये हैं उनके बारे में दरियाफ्त करके उनकी फेहरिस्त बनाई जाये, स्टेटिस्टिक्स बनाये जाये। आप के बहुत से आदमी स्टेटिस्टिक्स बनाया करते हैं, उनसे यह काम आसानी से हो सकता है। अभी तक यह पता

[सरदार बुध सिंह]

नहीं लगा है कि कितने आदमी किस जगह और किस कैम्प में मौजूद हैं। कोई वहां जा कर देख नहीं सकता। हिन्दुस्तान में जिस तरह से कैम्पों में राशन मिलता है उसी तरह उनको भी मिलता है या नहीं, यह भी शक है। न वहां पर बच्चों के होम्स हैं और न किसी तरह के सोशल रिफार्म्ज ही वहां पर किये जा रहे हैं। आज वहां पर कई हजार बेगुनाह आदमियों, मासूम बच्चों और औरतों की परवरिश का सवाल है। आप सब लोगों की ख्वाहिश यही है कि उन सब लोगों को बचाया जाये। मगर आप उस जगह की हालत का मुकाबिला यहां की हालत से कैसे करते हैं? यह एक इखलाकी और इन्सानियत का सवाल है। यह हमारी मां-बहिनों की इस्मत का सवाल है जो दुश्मनों के चंगुलों में हैं। वह मुकम्मल तौर पर इन्तहाई दुश्मन हैं जो हमारी मां-बहिनों और बच्चों को कैद में रखे हुये हैं। उनमें इन्सानियत खत्म हो चुकी है। जिन में कतल व खून का माद्दा है उनसे हम क्या उम्मीद कर सकते हैं। इसलिये मैं तहजीब और इन्सानियत के नाते यह कहना चाहता हूं कि ऐसी हालत में कोई मुल्क किस तरह से अपनी इज्जत और वकार को कायम रख सकता है। गवर्नमेंट को चाहिये कि वह इस काम को बड़ी तेजी से करे और जहां तक मुमकिन हो सके इस बात की कोशिश करे कि हमारे जितने आदमी वहां हैं, वापस लाये जायें और यह दरयाफ्त करे कि उनकी क्या हालत है?

हमारी सरकार पाकिस्तान सरकार से कोई भी फैसला, चाहे वह रेलवे का हो या पानी का हो या किसी तरह का हो, तब तक न करे जब तक कि पाकिस्तान हमारी इन मांगों को पूरा न करे। यह हमारे वकार व इज्जत का सवाल है। हमारे बच्चों और मां-बहिनों की इज्जत का व मुल्क की अज़मत का सवाल है। जब तक सरकार इस तरह का कोई सख्त रवैया अख्तियार नहीं करेगी तब तक यह मसला हल नहीं होगा। कई ऐसे मामलात होते हैं जिनकी वजह से हम कभी कभी मजबूर हो जाते हैं। हमारे हिस्से में कोई ऐसी बात हो जाती है जैसा कि मुल्क के बटवारे से हिन्दुस्तान में हुआ, तो हमारे लोग अपने यहां की औरतों को इज्जत और वकार को रखने के लिये लाजमी तौर पर हर कुरबानी करके दुनिया को दिखा सकते थे। मगर बदकिस्मती से हमारे यहां तो जंग हो गई। जंग की वजह से हमारी औरतें, बच्चे और मर्द सब ही दुश्मनों के यहां जंगी कैदी हो गये। वह मासूम हैं, कमज़ोर हैं, तड़प रहे हैं, और आप की तरफ़ देख रहे हैं। आप को चाहिये कि जिस तरह से हो सके जिस हालत में वह वहां हों उनको निकाल कर लायें। हम उनको वेलकम करेंगे, हम उनको अपनी बहिनों और बच्चों की तरह रखेंगे। वह हमारे में रहें, आज़ाद हिन्दुस्तान में आबाद हों और हमारे मन को शान्ति हो।

श्री कन्हैयालाल दौ० वैद्य (मध्य भारत): उपाध्यक्ष महोदय, इस बिल का मैं समर्थन करता हूं। माननीय सरदार बुध सिंह जी के जोशीले भाषण के बाद में बोलने के लिये खड़ा हुआ हूं। इसके पहले इस सदन की दो बहनों ने भी इस बिल पर काफी प्रकाश डाला है और कल तो उनमें कुछ आपसी वाद-विवाद सा खड़ा हो गया था।

जहां तक कि इस बिल का सम्बन्ध है, मैं नहीं समझता कि हमें किसी उत्तेजना के वातावरण में इस सारे प्रश्न के ऊपर सोचना है; शांति के साथ हमें इस बात पर विचार करने की आवश्यकता है कि किन हालात में इसे यहां लाया गया। जिन घटनाओं की चर्चा सरदार जी ने यहां की उससे प्रतीत होता

है कि उनको वास्तव में उनका बड़ा दुख है । संसार का इतिहास लिखने वाले लोग ऐसी घटनाओं का बड़ा ही महत्वपूर्ण उल्लेख करेंगे कि किन अत्याचारों से और किस प्रकार की बर्बरता से इस देश में एक बड़ा महाकांड हुआ ।

जहां तक हमारी माताओं और बहनों का प्रश्न है, जैसा कि श्रीमती चन्द्रावती जी ने कल कहा था, उनके सम्बन्ध में हमें मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिये और उसके लिये सामाजिक विचारों में क्रान्तिपूर्ण परिवर्तन करने के लिये इस देश में और पाकिस्तान में प्रयत्न करना चाहिये । यह प्रयत्न जब तक नहीं होता है, यह कोशिश जब तक नहीं होती है, तब तक इस सवाल का हल ठीक ढंग से नहीं हो सकता । माननीय मंत्री महोदय ने कल जो आंकड़े दिये थे उन आंकड़ों से यह ज़ाहिर हुआ है कि बहुत सी स्त्रियों और बहुत से बच्चों ने जो पाकिस्तान में थे उन्होंने इस देश में आने से इन्कार कर दिया और बहुत सी स्त्रियों और बहुत से बच्चों ने जो हिन्दुस्तान में हैं उन्होंने यहां से जाने से इन्कार कर दिया । बहिन निगम ने यह कहा कि यह क्या सम्भव है कि वे इस प्रकार से उन आततायियों के पास रह सकती हैं ? लेकिन जिस प्रकार के आंकड़े माननीय मंत्री महोदय ने दिये, उनसे पता चलता है कि दोनों राज्यों की सरकारों ने इस बात की कोशिश की कि वे लोग अपने-अपने देशों को वापस लाये जायें । लेकिन जैसा कि श्रीमती चन्द्रावती जी ने कहा, अभी सामाजिक स्थिति इस प्रकार की नहीं है कि उसमें वे स्त्रियां अपने समाज में जाने के लिये तैयार हों, उन घरों में जाने के लिये तैयार हों और इज्ज़त के साथ वे वहां रह सकें और इनके कारण सरकार के इतना प्रयत्न करने पर भी उसको वह कामयाबी नहीं मिली जो उसको मिलनी चाहिये थी । सरकार को दोष देना या सरकार के प्रयत्नों में खामियां निकालना तो आसान है, लेकिन वास्तव में यह प्रश्न इतना जटिल है कि इसकी तह में हम जितना जायें उतनी ही बातें हमें मालूम होंगी । एक स्त्री को दूसरे परिवार में से पता लगा कर निकाल लाना कोई आसान काम नहीं है । मैं बहुत से राज्यों के ऐसे कई क़िस्से जानता हूं और मेरी जानकारी में भी है कि अभी तक ऐसी कई स्त्रियां ऐसे कई परिवारों में कई स्थानों में मौजूद हैं, किन्तु उनका पता लगाना, उनको ढूंढ निकालना, ये जो शासनकर्ता लोग हैं उनके लिये भी एक कठिनाई का प्रश्न बना हुआ है । इसलिये मानवीय प्रश्न के दृष्टिकोण से सरकार जहां यह प्रयत्न कर रही है वहां सामाजिक काम करने वाली जो संस्थायें हैं या लोग हैं उनका भी यह कर्तव्य होना चाहिये कि वह सरकार के साथ सहयोग करें और जैसा कि बहिन निगम ने कहा, सरकार अमुक संस्थाओं और उनके कार्यकर्ताओं को अपने प्रयत्नों में सम्मिलित करे, तो उसके लिये मैं नहीं समझता कि सरकार उन प्रयत्नों में कोई कसर रखती है और किसी प्रकार से ऐसे जो सामाजिक कार्य करने वाले लोग हैं, जो उपयुक्त व्यक्ति हैं, उनको वह अपने कार्य में शरीक़ नहीं करती होगी ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You may continue your speech after lunch. The House stands adjourned till 2-30 P.M.

The House then adjourned for lunch at one of the clock.

The House re-assembled after lunch at half-past two of the clock, MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

श्री कन्हैयालाल दौ० वैद्य : उपाध्यक्ष महोदय, सामाजिक सुधार के कामों में समाज सुधार करने वालों का सहयोग लिया जाय, यह सुझाव भी इस सदन में रखा गया है । यदि प्रारम्भ से इस विभाग का इतिहास

[श्री कन्हैयालाल दौ० वैद्य]

देखा जाय तो यह कहना आवश्यक हो जाता है कि सरकार ने यह सारा कार्य समाज सुधार करने वाले जो लोग थे उन्हीं के हाथों में देकर उनके पूरे सहयोग से इस प्रश्न को निपटाने की चेष्टा की है । मैं इस सदन को याद दिलाना चाहूंगा कि इस देश की एक प्रमुख कार्यकर्त्री, मृदुला साराभाई जैसी महिला इस विभाग की इंचार्ज रही हैं और उन्होंने सदैव इस बात की चेष्टा की है कि जितने भी सम्भव उपाय हो सकते हों, उन उपायों से ऐसी अपहृत माताओं और बहिनों को निकालने का प्रयत्न किया जाय । राम सीता और महाभारत के युग की कथायें भी यहां सुनाई गई । यह ठीक बात है कि एक स्वतन्त्र देश के नागरिक के नाते प्रत्येक नागरिक की रक्षा करना हमारा कर्तव्य हो जाता है । जो सम्बन्ध हमारे देश के और पाकिस्तान के हैं उनको देखते हुये मैं समझता हूं कि संसार का कोई भी समझदार व्यक्ति इस बात को नहीं कह सकता कि हिन्दुस्तान की सरकार, जो अन्यायपूर्ण नीति कोई सरकार या राष्ट्र इस देश के साथ चलाना चाहता है, उसका प्रतिकार या उसका समुचित उत्तर देने के लिये तैयार नहीं है । यह सारे संसार ने देखा कि किस प्रकार कुछ राष्ट्रों ने पाकिस्तान को फौजी और दूसरे प्रकार की सहायता देकर एक विचित्र परिस्थिति उत्पन्न करने का प्रयत्न किया, किन्तु हमारे राष्ट्र के नेता जवाहरलाल जी ने उस सारी नीति का भंडाफोड़ कर दिया, उस नीति का पर्दा फाश कर दिया और उसके परिणामस्वरूप आप देखते हैं कि केवल एशिया में ही नहीं बल्कि सारे संसार में शान्ति के वातावरण में बहुत योग मिला । हम एक सेक्युलर राष्ट्र की राजनीति को लेकर चल रहे हैं और हम हिन्दू मुसलमानों के दृष्टिकोण की राजनीति को ले कर नहीं चल रहे हैं । इसलिये यदि हम पुरानी कहानी को दोहराने के लिये खड़े हों तो मैं समझता हूं कि हमारी बहुत सी बातें पीछे रह जायेंगी । साम्प्रदायिक मनोवृत्ति की बातों को उखाड़ करके मैं नहीं समझता कि देश का कल्याण हो सकता है । संसार में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से हमारा राष्ट्र उच्चादर्शों को लेकर और सेक्युलर नीति को ले कर चल रहा है और उसका हमें समर्थन करना चाहिये । इसी नीति का पालन करते हुये हमें ऐसी अपहृत बहनों और माताओं की समस्या को हल करना चाहिये ताकि उनकी इज्जत से समाज में रहने की व्यवस्था हो सके । माननीय मंत्री ने जो आंकड़े बताये हैं उनसे यह स्पष्ट हो जाता है कि ऐसी अपहृत महिलाओं को निकालने की चेष्टा की गई है और उनको पूरा मौक़ा दिया गया है, किन्तु बहुत सी महिलाओं ने यह समझा कि जिन परिवारों से वे आयी थीं उनमें उनका रहना सम्भव नहीं होगा, इसलिये विवश हो कर उनको वापस जाने की स्वीकृति देनी पड़ी । सरकार इससे अधिक क्या कर सकती थी ? यदि सामाजिक कारणों से या पारिवारिक कारणों से कुछ स्त्रियां जिस घर से वे गई थीं, उस घर में वापस नहीं आ सकतीं, तो सरकार का यह कर्तव्य है कि वह ऐसी स्त्रियों के लिये ऐसे काम काज और व्यवसाय स्थापित करे जिससे वे एक सम्मानपूर्ण ढंग से रह कर अपना उदर पोषण कर सकें । मैं आशा करता हूं कि सरकार इस ओर विशेष ध्यान देगी । मान लीजिये, कुछ ऐसे बच्चे हैं जो पाकिस्तान नहीं जाना चाहते हैं या जो पाकिस्तान से यहां आना चाहते हैं, लेकिन वे सामाजिक कारणों से या पारिवारिक कारणों से ऐसा करने में असमर्थ हैं, तो उनके लिये हर प्रकार की व्यवस्था करना सरकार का कर्तव्य है ।

बहुत से सदस्यों ने कहा है कि अब यह विधेयक अनावश्यक हो गया है । सरकार

न इस सम्बन्ध में एक कमीशन नियुक्त करने का निर्णय किया है। यह कमीशन सब पहलुओं पर विचार करेगा और यदि उस कमीशन का यह सुझाव हुआ कि अब यह कार्य अनावश्यक है तो मैं समझता हूं कि सरकार को उसे मानने में कोई झिझक नहीं होगी। इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

SHRI H. C. MATHUR (Rajasthan): Mr. Deputy Chairman, I feel very grateful to the hon. Minister for the informative speech that he delivered and for the facts and figures which he doled out to the House. This saved a lot of criticism. There was a general feeling about the working of this organisation and that feeling was so adverse that during the debate on the last occasion we indulged in all sorts of accusations. Even this year, in the other House, Members, while speaking on this Bill, had come out with all sorts of criticisms. The information which has been given to us proves two facts very clearly: one is that the organisation has functioned in an impartial manner; and the second is that the organisation has been able to create an atmosphere in the camps where the women, who have been taken there, could take an unbiased decision in a free atmosphere. We find from the facts placed at our disposal that about 50 per cent, of the women had opted to stay in India and similar is the case on the other side We also find that almost every case that had gone to the court had failed which is further proof that the screening in these camps has been very fair. I very much wish that informative literature, a sort of periodical literature, could be submitted to Parliament much ahead of such Bills being discussed in the House. It would be better if we had a sort of six-monthly report because now we are taking the facts as given out by the hon. Minister at their face value. Of course, we have no reason to doubt them, but il will have to be conceded that we had no-time to have a real appreciation of-the facts, that we had no time to discuss these facts and that we had no time to ask for further information. If we have such periodical reports, it will serve a double purpose; it will keep the Government vigilant about it—it will keep the Government alive to circumstances—and it will place at our disposal facts and figures on the basis of which we could make further enquiries, proper studies and have a proper appreciation of the circumstances. Taking the facts as there, have been given out by the hon. Minister, I have no hesitation in saying that, so far as the organisation on this side of the country is concerned, it has functioned remarkably well. Sir, these very facts tell certain stories. These very facts lead us to certain conclusions and they lead us to think of some very vital and delicate problems.

In this connection, I wish to invite the attention of the hon. Minister to what had been said last time by the hon. the Prime Minister. There is a sharply divided opinion in this matter as was typically demonstrated by the two lady speakers. Even when we were discussing it last time and when we are discussing it this time the same[s] arguments were and have been developed and there is in this House a very large section of people, as Professor Wadia very correctly pointed out, who are of the same opinion as the lady speaker who spoke first who said that there should be some finality about it. Again, there are many people who feel the other way round. But taking into consideration all these facts, taking into consideration both the viewpoints, last time when there was a very strong criticism, the hon. the Prime Minister who, I believe, is really in charge of this organisation- and work, because I understand that this organisation is working under the External Affairs Ministry— it is by some arrangement that the

[Shri H. C. Mathur.] hon. Minister who is at present conducting the Bill is in charge of it-said this: "Obviously this way of dealing with the problem cannot be continued indefinitely". It was in relation to the same two views which had been very strongly put forward and he himself felt that— he is a very sentimental person; he is one who always advocated that—if there was even one woman left in this country we should feel morally bound 10 come out and see that if she was being detained against her will, she should have been recovered and restored to proper quarters. But even he, Sir, in the light of the facts, in the light of the criticism offered very strongly by the House, had to make these observations: "Obviously this way of dealing with the problem cannot be continued indefinitely. ***But taking everything into consideration we do feel strongly that we should carry on for another year or so." That is all. "Of course, we have asked for extension by another quarter, because extension by a year comes at an awkward time, in the middle of the Budget Session, and the House would be inconvenienced. Practically it is for a year, and we shall, in this period, in a sense, revise our method of approach, where it is considered necessary, and try, if possible, to finalise the problem."

Now, Sir, he was very apologetic and the hon. the Prime Minister had even to ask for an extension for more than a year last time and as he has mentioned, it was not one year; it was a year and a quarter and he had to give an explanation to thfi House as to why he was asking for a longer time because if it was just one year, that period would terminate when we would be discussing the Budgets and it would not be convenient for Parliament at that time to take up this question. In view of this particular fact he felt it and he just pleaded to let the period be extended to a year and a quarter, which is up to May 1955. and he gave a sort of an understanding that during this period they would be able to have some new approach to this problem, that they would be able to finally decide this matter, and, Sir, it was thought that the cases which were pending before the Government would be decided during that period.

The hon. Minister, while piloting this Bill and while delivering his long speech with all the information has not mentioned a word about what the hon. the Prime Minister had said last time whether they stand by the same commitments or assurances which the hon. the Prime Minister gave in this connection, or not. It is my feeling that the Government has not at all been able to tackle this problem in a vigorous manner as could be expected of it. At least they failed in bringing pressure on the Government on the other side or in evolving an organisation or method by which the legitimate demand under this Act could be fulfilled. For the first time, Sir, when in 1949 an extension was asked for, it was stated by the late Shri Gopala-sw; ni Iyengar that they were anxious to see that about the 2,000 of the unfortunate Indian girls who were in the hands of the Pakistani officials something was done. I would like the hon. Minister to throw some light on it, what they have been able to do about it, whether they have been able to take any effective steps in that direction, what has happened to these 2,000 unfortunate victims who are not being recovered from there, whether any search has got to be made for them but against whom the allegations are that they are in the hands of the Pakistani officials. We have not h°ard about it. It was in 1949 tha. we were given the assurance that all efforts would be made in that, direction. But I find, Sir, not a word about it. We certainly would like to be enlightened on this matter. If during these seven years it has not been possible for the

hon. Minister to take any effective measures in respect of these women about whom this Parliament and he or his predecessors have been talking, then it is better for him to confess his inability and impotence in the matter and give it up, or he should give us a written assurance that he has these effective measures in his mind and he is going to proceed in this manner in this matter. Sir, the hon. Minister has made his case so innocent as that. He makes out that the best they could do was to appoint a fact-finding committee; these are matters which are being dealt with internationally, matters which are being dealt with at the Governmental level; we cannot very much help matters; we have got to come to a certain understanding with a foreign Government; it takes time and the Fact Finding Commission itself could not be appointed for such a long. time. And now he says that, so far as he was concerned, he had only asked for time up to the end of November so that the report of the Fact Finding Commission may be in his hands. It looks all very nice and very fine. But, Sir, may I ask him: when the hon. Prime Minister gave that undertaking or gave that sort of understanding in the other House, was it not in his knowledge that tbey were dealing with another Government, that they were dealing with a Government of whom he has had a sad experience for the last seven years? I think it was in full consciousness of the task that lay before him that he gave a sort of understanding to the other House that within a year they will be able to clear all these cases and finally decide this matter. He hoped to decide this matter earlier than May 1955. Today we are in the month of September and a period of three months' grace has bee'.i given and yet we do not see anything accomplished in this matter. So, v/e lose confidence in the Government naturally because of the extremely poor performance of the Government in this particular matter. It is not in a spirit of bar-

gaining that we speak. I am in perfect agreement with my hon. friend. We are not dealing with rupees, annas and pies; we are not dealing with certain dead material. We cannot deal with this matter in a business-like manner. I entirely agree with him.. I would go even a step further. I do not consider this to be a Hindu-Muslim question; I do not even consider this as a political question. I am in perfect agreement with him that it is a human question. That is all right. But have they been able to tackle this question in a human manner? Have they been able to fulfil and satisfy the legitimate aspirations and demands of the people of this country? That is my question. They have not been able to answer this all these seven years but they have been coming before Parliament year after year and asking for time. For what? Again, there are no reasons given. We do not stand convinced tnat anything is likely to come out of the weak hands of this Government. And if it is so, Sir, we will have to think twice before we extend the time. My hon. sister here wanted the timftto be extended by two years and she advanced reasons for it. I do not at all subscribe to that view particularly because of the much-awaited report of the Fact Finding Commission.

Now, taking into consideration the figures which have been placed in our hands, it is of course a sort of solace and consolation to us thrft of the 2,000 abducted persons taken into the camp more than a thousand opted to stay here. Now, ±et us examine what happens. These thousand women had to be taken away from their homes and brought over to these camps. You may not have destroyed the peace and harmony of that house but certainly you have destroyed the peace and harmony of that woman. And the evil effect that is likely to be there on the children has got to be taken into consideration. The innocent child does not knov

[Shri H. C. Mathur.] anything about the old incident. One fine morning he finds that his mother is being taken to the camp. She stays there and the child is re noved from her. It has a very big psychological effect on the children wnich cannot be denied. We further find a large number of children being kept here and the main criterion which my hon. friend has stated is the choice of the woman— whether she wants to stay here or whether she wants to go there. And while discussing this problem my hon. friend said, "Naturally, the interest of the children is also taken into consideration". I would like the hon. Minister to throw some light on this subject as to how he reconciles the two, how he thinks that the sending away of the woman from here to the other country reconciles with the interest of the majority of children who are left here without mothers. What is the criterion? If the Government comes to a decision that it is in the best interests of the children that the mother should stay here, may I know whether the Government has got the power to ask the mother to stay on here? In such cases what is the jurisdiction which the hon. Minister exercises? What is the power which he exercises? And what is the criterion which is followed? I cannot see how the hon. Minister thinks that it is in the best interests of the children that their mothers should have been sent to the other side. How has it served the interests of the vast majority of children who have been left behind? I feel that it is not so much the choice of the woman that should prevail. Children, in this consideration, are very important.

I feel, Sir, that you are in a hurry and I will not touch upon the other points which have already been covered by my hon. friends. If I find an occasion at the third reading stage, I shall further say a few words.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Kishen Chand, we are to close this debate at 3.15 and the hon. Minister wants half an hour for his reply.

SHRI KISHEN CHAND: Sir, I do not want more than ten minutes.

SHRI BHUPESH GUPTA (West Bengal): Sir, I gave my name.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is not there.

SHRI BHUPESH GUPTA: It is there, Sir, that I should speak on the 31st.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Are you very anxious to speak? Because I have not got your name.

SHRI BHUPESH GUPTA: Yes, Sir. I thought my name was included. I gave it yesterday and Dr. Subbarayan was in the Chair at that time.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: How much time do you propose to take?

SHRI BHUPESH GUPTA: About 10 minutes; rather 15 minutes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Not more than 10 minutes.

SHRI BHUPESH GUPTA: In that case I do not think that I should speak on this subject. Let our voice be not heard.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I do not want to shut you out. You can take 10 minutes. Mr. Kishen Chand.

SHRI KISHEN CHAND: Sir, the hon. Minister when he moved this Bill expressed a very correct sentiment when he said that this problem was a humanitarian problem. It is a problem of women who are being kept in either country against their will and we should help their transfer if they so desire. In so far as the hon. Minister has expressed this sentiment I am in full accord with him but in spite of that I cannot lend my support to this Bill. I agree with him that if there are unfortunate

cases of women in either country who want to come back to their original homes, we should help their return but the methods that are being adopted of breaking up homes are not very fair. After all, there is a time-limit to everything. You know, Sir, in ordinary human life, if there is a bereavement, the bereaved person feels that the friends who are making enquiries are really reminding him of the serious loss. Similarly, in this case, seven or eight years ago, certain women were left behind in Pakistan and some were left in India against their will. They have settled down with certain other persons, borne children and are living there. Now, what happens after seven or eight years? The officers of Recovery Department go to homes, enquire about these women and they are transferred to camps. There, all sorts of social workers and relatives come from Pakistan and for days, harassment of these women goes on. It really amounts to harassment. Temptations are offered that "If you go back to Pakistan; you will be so well treated; you will be almost a national hero." And, in spite of these temptation, a large number of women do not want to go back. Is it right that we should interfere in a happy home? It has become a happy home after living for seven or eight years.

Well, the hon. Minister gave figures of persons, of women, who have been sent to Pakistan as 20,623. Well, the hon. Minister was not prepared to make any conjecture about the total number of women who were abducted in India. I suppose even a very optimistic estimate will not place it much beyond 23 or 24 thousand. Out of that number, 20,600 have already gone. So, even on a very liberal estimate, about two or three thousand women all told are left behind in India. Out of those, two thousand have refused to go back. That means that there are hardly a few hundred women now left and for the sake of those few hundred women, we keep an organisation which interferes and meddles into every home, and tries to disrupt it as far as possible. In our marriage laws, for the sake of children, we have made divorce very difficult, while here, against their will, these women are sent to Pakistan, breaking up their homes, separating them from their children. Is it right?

On the other side, the estimate of women—Indian women—left in Pakistan would be about fifty thousand. Out of that figure, only nine thousand have come to India and now, the present rate of recovery during the last two months is very low. The hon. Minister said that all told, 79 persons were put in camp of whom 49 came to India. So, now it has come to 10 or 15 per month. Is it worthwhile for the sake of 10 or 15 to keep this festering sore alive between the two neighbouring countries?

